प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज करीब 13 हजार करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं का किया उद्‌घाटन और शिलान्यास : मेरठ को 100 बेड के अस्पताल की मिली सौगात।**
2. **प्रदेश के चार शहरां समेत देश के 40 स्थानों पर लगा रोजगार मेला : प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को सौंपे नियक्ति पत्र।**
3. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आज रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी : कहा– भारत की अखंडता में सरदार पटेल का महान योगदान।**

**और**

4. **अयोध्या में कल 25 लाख से अधिक दीप जलाकर मनाया जायेगा भव्य दीपोत्सव : गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम देर रात तक पूरी करेगी दीयों की गिनती।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली में लगभग 12 हजार 850 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष**

और इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी शामिल करने की योजना का शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना स सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। बाइट......

*अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के देश के हर बुजुर्ग को अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। और ये ऐसी योजना है जिसमें आय की कोई पाबंदी नहीं। गरीब हो, मध्यम वर्ग का परिवार हो। उच्च वर्ग का परिवार हो हर कोई इसका लाभार्थी बन सकता है।*

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने दश के प्रथम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्‌घाटन किया। इस चरण में एक पंचकर्म अस्पताल, दवा निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला एक अस्पताल शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने गोरखपुर एम्स समेत कई अन्य राज्यों में चिकित्सा सेवा के विस्तार और जन औषधि केंद्र का शुभारंभ भो किया। प्रधानमंत्री ने रायबरेली एम्स समेत देश के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। साथ ही मेरठ ईएसआईसी अस्पताल की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने आज यू–विन पोर्टल की भी शुरुआत की। इससे टीकाकरण प्रक्रिया डिजिटल बनेगी जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मेरठ से वर्चुअली शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देने के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट....

*एसआईसी के हॉस्पिटल के शिलान्यास आयुष्मान भारत की सुविधा 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रारंभ होने उत्तर प्रदेश के अंदर डी डी आर आई। और एम्स गोरखपुर को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की परियोजना के साथ ही तमाम नए चिकित्सा संस्थान देश के अन्दर प्रारंभ करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।*

कार्यक्रम में श्री योगी ने कहा कि आज हर जनपद में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। ऐसे में मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़ेइंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में उभरा है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव—नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जारहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। हरियाणा में तो 26 हजार युवाओं को नौकरी का उपहार मिला है। देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, ये हमारा कमिटमेंट है।*

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक–इन–इंडिया को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की पांच सौ शीर्ष कंपनियों में युवाओं के लिए पेड इंटर्नशिप की पहल की है। युवाओं को अनुभव और अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बाइट...

*आज हर सेक्टर के उद्योगों को बढावा मिल रहा है। इसे अलग–अलग फील्ड के युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं। आज देश में भारी निवेश हो रहा है और रिकॉर्ड अवसर बन रहे हैं।*

यह रोजगार मेले लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर समेत देश के चालीस स्थानों पर आयोजित किये गये। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार मेले के तहत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्रो जितिन प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के युवाओं को रोज़गार के नए नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाइ पटेल की 150वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन हर नागरिक को स्वस्थ और एकजुट रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी और आज के भारत की अखंडता में सरदार पटेल का महान योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है बल्कि सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को भी बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ एकता की दौड़ है, बल्कि स्वस्थ रहने के संकल्प का प्रतीक भी है। इस मौके पर श्री योगी ने सभी को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। बाइट.....

*वह शपथ जो राष्ट्रीय एकता की होगी, अखंडता की होगी, आंतरिक सुरक्षा की होगी क्योंकि अगर देश की सुरक्षा पर कोई सेंध लगा रहा है, एक सजग नागरिक के रूप में हम मौन बने नहीं बैठ सकते। एक नागरिक कर्तव्य के रूप में हम सबका भी दायित्व बनता है। कि हम भी इस राष्ट्र रूपी यज्ञ में अपना योगदान दें।*

—————————

**प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिए नामांकन पूरा होने के बाद कल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट से 22 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। यहां से कुल 34 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें 12 प्रत्याशियों के नामांकन को स्वीकृत किया गया है। वहीं सीसामऊ विधानसभा सीट पर नामांकन पत्रों की जांच में पांच उम्मीदवारों के पर्चे गड़बड़ मिलने पर उन्हें खारिज कर दिया गया। अब इस सीट से छह उम्मीदवार उपचुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा कुंदरकी और गाजियाबाद सीट पर 14, मझंवान सीट पर 13, फूलपुर और कटेहरी सीट पर 12, करहल पर सात, खैर सीट पर पांच प्रत्याशियों के नामांकन सही पाये गये हैं। उपचुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। वहीं आज से उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची 2025 का पुनरीक्षण शुरू कर दिया है जो 28 नवम्बर तक चलेगा।**

—————————

**अयोध्या में कल दीपोत्सव के तहत 25 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिये आज गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने अयोध्या पहुंचकर दीयों की गिनती शुरू को, जो देर रात तक पूरी हो जायेगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट....**

*रामलला के दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद यह पहला दीपोत्सव है इसलिए इसे खास बनाने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दीपोत्सव के शुभारंभ पर चार किमी. तक शोभायात्रा में कलाकारों के विभिन्न दल रामायण के विविध प्रसंगों का मंचन करेंगे। दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल होंगे। इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती और 25 लाख से अधिक दीप जलाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। वहीं पूरे अयोध्या में करीब 35 लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। दीपोत्सव को खास बनाने के लिए लाखों दीपों के मध्य अवरिल सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीचो बीच भव्य स्टेज पर कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। साथ ही म्यूजिकल लेजर और ड्रोन शो भी आयोजित होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

(समाप्त)